दिनांक 20.02.2018

स्वच्छ भारत अभियान **स्वच्छ एवं सुदर भिलाई**

भिलाईनगर/ नगर पालिक निगम, भिलाई के आयुक्त श्री के0एल0 चौहान के निर्देश पर निगम के शिक्षा अधिकारी श्री वाई0आर0के0 राव के द्वारा 19 फरवरी 2018 को नगर पालिक निगम भिलाई मुख्य कार्यालय सभागार में सुकन्या समृद्धि योजना के संबंध में बैठक आयोजित की गई। जिनमें नगर निगम क्षेत्र के शा.प्रा.शाला के समस्त प्रधान पाठक उपस्थित हुए। स्टेट बैंक ऑफ इंडिया इंदिरा प्लेस, सिविक सेंटर के ब्रांच मैनेजर सुब्रत मिश्रा, सृष्टि एवं लेखाधिकारी तथा जिला केन्द्रीय सहकारी बैंक मर्यादित के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री संतोष निवसर्कर विशेष रुप से उपस्थित रहे और उक्त कार्यक्रम के सभी पहलुओं पर विस्तार पूर्वक जानकारी देते हुए मु.का.अधि. और श्रीमती सृष्टि ने 1–1 बालिका के लिए राशि अपनी ओर से प्रदान करने की घोषणा भी की।

सुकन्या समृद्धि योजना से संबंधित ब्राउसर खाता खुलवाने हेतु आवेदन फार्म भी सभी प्रधान पाठकों को उपलब्ध कराया और यह भी कहा कि 10 से 15 खातेदार यदि किसी शाला या संकुल केन्द्र पर पालकों सहित उपस्थित रहे तो खाते खुलवाने के लिए बैंक से कर्मचारी केन्द्र पर उपस्थित रहकर सुविधा प्रदान करेंगे।

इस योजना में 01 वर्ष से 10 वर्ष की आयु के बालिकाओं के खाते खोलकर उनमें 14 वर्ष तक राशि जमा करना होता है। योजना अवधि 21 वर्षों की है। वर्तमान में सर्वाधिक ब्याज 8.1 प्रतिशत् इस योजना में दिया जाता है।

कार्यक्रम का संयोजन शिक्षा अधिकारी नगर पालिक निगम, भिलाई विकासखण्ड व जिला शिक्षा अधिकारी के सहयोग से किया गया।

जनसम्पर्क अधिकारी

निगम जनदर्शन
19-02-2018 16:02